आई.सी.ए.आर. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल -132001

खुली मौखिक नीलामी सूचना

कार्य का नाम: परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों का उत्खनन एवं प्रतिशत आधारित राजस्व साझेदारी के माध्यम से स्क्रैप निस्तारण (खुली मौखिक नीलामी)

क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल परिसर में वर्ष 1976-1981 के दौरान स्थापित एवं वर्तमान में सामान्यतः अनुपयोगी/ परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों (आमतौर पर लोहे के) के उत्खनन, निष्कासन एवं स्क्रैप सामग्री के निस्तारण हेतु योग्य एवं अनुभवी ठेकेदारों/स्क्रैप विक्रेताओं को निर्धारित शर्तों के अधीन खुली मौखिक नीलामी में भागीदारी हेतु आमंत्रित किया जाता है।

क्षेत्रीय स्टेशन परिसर के विभिन्न स्थलों (3-4) पर परित्यक्त भूमिगत बोरवेल केसिंग एवं डिलीवरी पाइप उपलब्ध हैं। भूमिगत बोरवेल (4-5) केसिंग पाइपों का व्यास, गहराई, जंग की स्थिति तथा वास्तविक वजन पूर्व निर्धारित नहीं है स्थान के अनुसार एवं परिवर्तनीय है और इसकी कोई गारंटी नहीं दी जाती है।

कार्य स्थल निम्नानुसार है:

1. जनरल एरिया / ब्लॉक-A/GA - 1 स्थान
2. ब्लॉक A-3/A - 2 स्थान
3. ब्लॉक नं. 6/C - 1 स्थान
4. ब्लॉक नं. 2/B - 1 स्थान

खुली मौखिक नीलामी का विवरण:

- पंजीकरण दिनांक 02/04/2026 से 22/04/2026 के बीच ऑफिस के किसी भी कार्यदिवस में समय: दोपहर 3:00 बजे से 3:30 बजे तक
- नीलामी प्रारम्भ समय: 22/04/2026 अपराह्न 4:00 बजे
- स्थान :समिति कक्ष, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल का कार्यालय
- क्योंकि यह ज्ञात नही है तो न्यूनतम आरक्षित प्रतिशत: 46
- बोली प्रतिशत आधारित होगी एवं न्यूनतम क्रमिक वृद्धि अंतराल: 2%
- स्टेशन के "तीन बार पुकार" के पश्चात उच्चतम बोली स्वीकृति
- सर्वाधिक प्रतिशत देने वाला पात्र बोलीदाता चयनित होगा।
- जिसे बोली लगाने वाले द्वारा सुनिश्चित किया जाना है

कार्य की प्रकृति:

- भूमिगत लोहे के केसिंग पाइपों का संरचनात्मक क्षति एवं दुर्घटना से बचाव करते हुए सुरक्षित एवं समुचित उत्खनन
- साइट की सुरक्षा सुनिश्चित करना
- निकाली गई सामग्री का वजन कराना
- राजस्व साझेदारी के आधार पर संस्थान को निर्धारित प्रतिशत भुगतान
- स्थल को समतल करना एवं सुरक्षित बनाना

महत्वपूर्ण शर्तें

1. नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व साइट निरीक्षण अनिवार्य। ठेकेदार स्वयं साइट निरीक्षण कर संतुष्टि प्राप्त करे।
2. कार्य "जैसा है जहाँ है" आधार पर होगा।
3. पाइपों की गहराई/मात्रा/वजन की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।
4. सफल बोलीदाता उत्खनन, श्रम, मशीनरी एवं सुरक्षा के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।
5. कार्य के दौरान किसी दुर्घटना/हानि की स्थिति में संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।
6. उत्खनन से किसी अन्य संरचना/भूमि/फसल को क्षति होने पर पूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा।
7. निकाली गई स्क्रैप सामग्री का वजन संस्थान प्रतिनिधि की उपस्थिति में अधिकृत वेब्रिज (धर्मकांटा) पर कराया जाएगा।
8. प्राप्त स्क्रैप मूल्य का निर्धारित प्रतिशत (निविदा अनुसार) संस्थान को देय होगा। संस्थान के हिस्से का भुगतान प्रत्येक खेप से पूर्व 100% अग्रिम।
9. कार्य अवधि: कार्य आदेश की तिथि से 30 दिवस के भीतर पूर्ण करना होगा।
10. जिस दिन खेप निकलेगी उस दिन का स्क्रैप का मार्केट रेट लगाया जाएगा ।
11. सुरक्षा जमा रु.25,000/- (डिमांड ड्राफ्ट/ नकद के रूप में) असफल प्रतिभागियों को नीलामी पश्चात लौटाई जाएगी।
12. सफल बोलीदाता को रु.50,000/- कार्य आदेश से पूर्व जमा करना होगा।
13. प्रत्येक उठान से पूर्व संस्थान के हिस्से का अग्रिम भुगतान
14. अंतिम समायोजन वास्तविक वजन के आधार पर
15. कार्य पूर्ण होने के पश्चात स्थल समतल एवं सुरक्षित किया/ छोड़ा जाना अनिवार्य होगा। स्थल समतल एवं सुरक्षित स्थिति में जाएगा।
16. उक्त शर्तों का पालन न करने पर कार्यादेश निरस्त किया जा सकता है।
17. विवाद की स्थिति में अध्यक्ष,आई.सी.ए.आर. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल -132001/ निदेशक, ICAR–IARI का निर्णय अंतिम होगा।

शिव कुमार यादव 02/04/2026

अध्यक्ष/Head

भाकृअनुप-भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल-132001

ICAR-IARI, Regional Station, Karnal-132001

कार्यालय टिप्पणी

विषय: परित्यक्त बोरवेल केसिंग पाइपों के उत्खनन एवं स्क्रैप निस्तारण हेतु खुली मौखिक नीलामी आयोजित करने बाबत।

क्षेत्रीय स्टेशन परिसर में वर्ष 1976-1981 के दौरान स्थापित परित्यक्त बोरवेल केसिंग एवं डिलीवरी पाइप (3-4 स्थानों पर) वर्तमान में अनुपयोगी अवस्था में भूमिगत हैं। संबंधित मोटर एवं अन्य उपकरण पूर्व में विधिवत निस्तारित किए जा चुके हैं। उक्त पाइप: 45-50 वर्ष पुराने एवं अनुपयोगी हैं, सुरक्षा जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं एवं भूमि उपयोग में बाधा हैं।

GFR 2017 के Rule 196 के अंतर्गत, पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु खुली मौखिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है।

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

शिव कुमार यादव
02/04/2026
अध्यक्ष/Head
अध्यक्ष, क्षेत्रीय स्टेशन
भाकृअनुप-भा.कृ.अ.सं., क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल-132001
ICAR-IARI, Regional Station, Karnal-132001

प्रस्तावित खुली मौखिक नीलामी के संचालन के लिए निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है।

1. डॉ. अश्विनी कुमार, प्रधान वैज्ञानिक – अध्यक्ष
2. डॉ.संदीप सिहाग , वैज्ञानिक- सदस्य
3. श्री राजेश कुमार मीणा, तकनीकी अधिकारी - सदस्य
4. सहायक प्रशासनिक अधिकारी/सहायक - सदस्य सचिव